UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 14 भविष्य का भय (मंजरी)

- **कहानी से**

प्रश्न 1:
स्कूल से लौटने पर तुलतुल मुँह फुलाकर क्यों बैठ गयी?
उत्तर:
स्कूल से आकर तुलतूल मुँह फुलाकर बैठ गई, क्योंकि ट्रेनी की माँ घर काम करने नहीं आई।

प्रश्न 2:
तुलतुल की माँ ने उसे घरेलू कार्य करने का आदेश क्यों दिया?
उत्तर:
तुलतुल की हरकतों से तंग आकर टुनी की माँ काम करने नहीं आई। इस कारण उस काम को तुलतुल को दण्डस्वरूप करना था।

प्रश्न 3:
ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की जीवनी पढ़ने का तुलतुल पर क्या असर हुआ?
उत्तर:
ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की जीवनी पढ़कर उनके विचारों से प्रभावित होकर तुलतुल ने अपना कीमती कार्डीगन एक गरीब लड़के को शीत से बचने के लिए दे दिया।

प्रश्न 4:
तुलतूल के मन में भविष्य के किस भय की चिन्ता थी?
उत्तर:
तुलतुल भविष्य में पापरहित संसार को रचना चाहती थी। परन्तु उसे यह भय था कि कहीं वह माँ की तरह उलट-पलट न हो जाए, बेवकूफ न बन जाए और भूल न जाए कि सभी लोग एक समान हैं।

प्रश्न 5:
टुनी की माँ टुनी को स्कूल क्यों नहीं भेजना चाहती थी और वह तुलतुल के घर की नौकरी छोड़कर क्यों चली गयी?
उत्तर:
टुनी की माँ टुनी से अपना घरेलू कामकाज कराती थी। इसलिए वह उसे स्कूल नहीं भेजना चाहती थी। तुलतुल द्वारा टुनी को स्कूल में दाखिला कराकर टुनी की माँ का गुजारा मुश्किल था। इसलिए वह तुलतुल के घर की नौकरी छोड़कर चली गई।

प्रश्न 6:
अन्तरराष्ट्रीय बालवर्ष' के सन्दर्भ में 'मिस' के क्या विचार थे और 'मिस' के विचारों का तुलतुल पर क्या प्रभाव पड़ा?
उत्तर:
अन्तरराष्ट्रीय बालवर्ष के संदर्भ में मिस के विचार थे कि दुनिया में सभी लोग समान हैं। सभी छोटे बच्चों को प्यार पाने और देखभाल किए जाने का अधिकार है। तुलतुल पर मिस के विचारों का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। वह घर में काम करने वाली स्त्री की बच्ची टुनी की देखभाल और शिक्षा के विषय में सोचने लगी।

भाषा की बात

प्रश्न 1:
निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए
मुँह फुलाना, हाथ बँटाना, मजा चखाना, सर पर भूत सवार होना, कोई चारा न होना, दिमाग फिरना, पेट में चूहे कूदना।।
उत्तर:
मुँह फुलाना (गुस्सा होना)- लड़की ने खाना नहीं खाया क्योंकि वह मुँह फुलाए बैठी थी।
हाथ बँटाना (मदद करना)- बच्चे घर के काम में परिवार का हाथ बँटाते हैं।
मजा चखाना (दण्ड देना, किए का फल चखाना)- शैतान बच्चों को बाग से आम तोड़ते देख माली ने उन्हें मजा चखा दिया।
सर पर भूत सवार होना (बुद्धि ठीक न होना)- माँ ने कहा, “तुलतुल बकबक बन्द करो। तुम्हारे सर पर भूत सवार हुआ है।”
कोई चारा न होना (कोई उपाय न होना)- काम छोड़कर चले जाने के अलावा टुनी की माँ के पास कोई चारा न था।
दिमाग फिरना (बुद्धि ठिकाने न होना)- तुलतुल का दिमाग फिर गया, जिससे वह टुनी को जबरदस्ती स्कूल में प्रवेश दिलाना चाहती थी।
पेट में चूहे कूदना (भूखा होना)- देर तक खाना न मिलने पर पेट में चूहे कूदने लगे।

प्रश्न 2:
इस पाठ में कई शब्द-युग्म आये हैं जो पुनरुक्त हैं, जैसे- कभी-कभी, डरी-डरी, गरम-गरम आदि। पाठ में आये हुए अन्य पुनरुक्त शब्दों को छाँटकर लिखिए।
उत्तर:
छोटे-छोटे, अच्छी-अच्छा, जल्दी-जल्दी, कभी-कभी, बक-बक, तार-तार, थोड़ी-थोड़ी, क्या-क्या, हो-हो।

प्रश्न 3:
इस पाठ में आये निम्नलिखित शब्दों को पढ़िएयूनिफार्म, फ्रॉक, हुक्म, माफ। ये शब्द विदेशी भाषा से हिन्दी में आये हैं। पाठ से अन्य विदेशी शब्द चुनकर लिखिए।
उत्तर:
यूनिफार्म, मिस, डिपो, टिफिन, डेंजरस, कार्डीगन।

प्रश्न 4:
पदों के मेल से बने हुए नये संक्षिप्त पद को ‘समास’ कहते हैं। जिस ‘समास’ में दोनों पद प्रधान होते हैं और उनके बीच में ‘और’ शब्द का लोप होता है, उसे ‘द्वन्द्व समास’ कहते हैं, जैसे- पढ़ना-लिखना अर्थात् पढ़ना और लिखना। नीचे लिखे शब्दों में समास विग्रह कीजिए झाड़ू-पोंछा, दुबली-पतली, हाथ-मुँह, लड़के-लड़कियाँ।
उत्तर:

झाड़ू-पोंछा।	झाड़ और पोंछा	द्वन्द्व समास
दुबली-पतली	दुबली और पतली	द्वन्द्व समास
हाथ-मुँह	हाथ और मुँह	द्वन्द्व समास
लड़के-लड़कियाँ	लड़के और लड़कियाँ	द्वन्द्व समास

https://www.evidyarthi.in/